सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 42 | इंदौर, गुरुवार 17 अगस्त, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Sharad Pawar: अजित और शरद पवार की मुलाकात से असहज हुई विपक्षी एकता, क्या कांग्रेस बना रही प्लान बी ?
2. Himachal Weather: प्राकृतिक आपदा ने मचाई तबाही, 71 की गई जान, कांगड़ा में बाढ़ प्रभावित इलाकों से 780 को बचाया
3. China: 'ताइवान को लेकर आग से खेल रहे हैं', अमेरिका पर भड़का चीन, रक्षा मंत्री ने दे डाली धमकी
4. कुरुक्षेत्र: मोदी के विश्वास बनाम इंडिया गठबंधन के हौसले की लड़ाई है 2024 का चुनाव, क्षत्रपों की होगी परीक्षा
5. Maharashtra: 'ईडी तय करती है कौन किस पार्टी में जाएगा', संजय राउत ने शरद पवार के आरोपों को बताया गंभीर
6. 'धार्मिक हिंसा अभिव्यक्ति नहीं': पाकिस्तान में कुरान से बेअदबी के नाम पर तोड़े चर्च, US ने जताई चिंता

पांचवी बार सत्ता पर काबिज होने

# पब्लिक के बीच बदलाव की तस्वीर रखेगी भाजपा

## 20 अगस्त को जारी होगा शिवराज सरकार का रिपोर्ट कार्ड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। मध्यप्रदेश में पांचवी बार सत्ता पर काबिज होने के लिए बीजेपी अब पब्लिक के बीच बदलाव की तस्वीर रखेगी। बुधवार को दिल्ली में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ सीएम शिवराज सिंह चौहान और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा की लंबी बैठक हुई।




### ग्वालियर में उसी दिन होगी प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

20 अगस्त को ही ग्वालियर में बीजेपी की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक भी आयोजित की जाएगी। जिसमें प्रदेश पदाधिकारियों के साथ ही विधायक, सांसद, जिलाध्यक्ष और जिला महामंत्रियों समेत करीब 1200 पदाधिकारियों को बुलाया जाएगा। कार्यसमिति में कुछ अहम प्रस्ताव भी पारित किए जा सकते हैं।

बैठक में यह तय हुआ कि 20 अगस्त को शिवराज सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड जारी करेगी। जिसमें बीजेपी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आए बदलाव को बताया जाएगा।

बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि 20 अगस्त को मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार के रिपोर्ट कार्ड को जारी करने के लिए एक बड़ा कार्यक्रम आयोजित करने पर विचार चल रहा है। इस कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों युवाओं, बुजुर्गों, किसान, नौजवान, महिलाओं के साथ कर्मचारी और प्रबुद्धजनों को भी आमंत्रित किया जाएगा। कार्यक्रम में सरकार की गई योजनाओं के साथ उनके जरिए वर्ग वार, क्षेत्रवार हुए बदलाव के आंकडे भी रखे जाएंगे। इस कार्यक्रम में क्रेंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह भी आ सकते है।

### दिग्विजय और कमलनाथ बीजेपी के टारगेट पर

इस चुनाव में बीजेपी नेताओं के निशाने पर कांग्रेस के दो बडे. नेता मुख्य टारगेट पर रहेंगे। 2003 के पहले दिग्विजय सिंह की सरकार के दस सालों में मप्र की स्थिति और कमलनाथ की 15 महीने की सरकार में हुई वादाखिलाफी और करप्शन को बीजेपी के नेता जोर-शोर से उठाएंगे। रिपोर्ट कार्ड जारी करने के साथ ही बीजेपी यह भी बताएगी कि दिग्विजय सिंह की सरकार के दौर में मप्र में बिजली, सड़क और कानून-व्यवस्था की क्या स्थिति थी।

30 जुलाई को अमित शाह इंदौर आए थे। जहां उन्होंने संभाग के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली थी। अब 20 अगस्त को अमित शाह के भोपाल आने की चर्चा है।

30 जुलाई को अमित शाह इंदौर आए थे। जहां उन्होंने संभाग के पार्टी पदाधिकारियों की बैठक ली थी। अब 20 अगस्त को अमित शाह के भोपाल आने की चर्चा है।



मध्यप्रदेश मानसून अपडेट

# आज से बारिश का ब्रेक खत्म

## 2 सिस्टम पूर्वी हिस्से में कराएंगे बारिश; रीवा-शहडोल संभाग में असर ज्यादा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश में 5 अगस्त से मानसून ब्रेक 13वें दिन गुरुवार से खत्म हो सकता है। ऐसा दो सिस्टम एक्टिव होने से होगा। साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और ट्रफ लाइन के गुजरने से प्रदेश के पूर्वी हिस्से में अगले कुछ दिन बारिश होगी। 19 और 20 अगस्त को भारी बारिश भी हो सकती है। भोपाल, इंदौर और उज्जैन संभाग में हल्की बारिश का दौर ही रहेगा। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. एचएस पांडे ने बताया कि साइक्लोनिक सर्कुलेशन बंगाल की खाड़ी में बन रहा है। इससे 18 अगस्त से कम दबाव के क्षेत्र में मौसम बदलने की संभावना है। गुरुवार से ही नमी आना शुरू हो जाएगी। प्रदेश के पूर्वी हिस्से में बारिश का दौर शुरू होगा। 19 और 20 अगस्त को एक्टिविटी बढ़ जाएगी। रीवा-शहडोल संभाग में कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है। इसके अलावा 18 अगस्त से ही ट्रफ लाइन के गुजरने से भी बारिश का दौर शुरू होगा।

# इंदौर जू में जल्द आएगा अफ्रीकन जेब्रा

## ◆एनिमल एक्सचेंज के तहत तैयारी पूरी, मुंबई जू से ग्रीन सिग्नल का इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जू में जल्द ही एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अफ्रीकन जेब्रा का एक जोड़ा आने वाला है। जिसके आने के बाद इंदौर का कमला नेहरू प्राणी संग्रालहय प्रदेश का पहला ऐसा चिड़ियाघर होगा जिसमें पर्यटक जेब्रा को निहार सकेंगे। प्रदेश के किसी भी चिड़ियाघर में अभी तक अफ्रीकन जेब्रा का जोड़ा नहीं हैं। अफ्रीकन जेब्रा का यह जोड़ा मुंबई के वीरमाता जीजाबाई भोसले चिड़ियाघर से इंदौर लाया जाना है। इसके लिए इंदौर जू में लगभग सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अब बस मुंबई जू से ग्रीन सिग्नल मिलने का इंतजार है।

कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय के प्रभारी डॉ. उत्तम यादव ने बताया कि एनिमल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत अभी बहुत सारे प्रोजेक्ट अंडर पाइप लाइन हैं। इन सभी प्रोजेक्ट पर हम काम कर रहे हैं। इन प्रोजेक्ट के तहत पर्यटकों के लिए नए अट्रेक्शन के तौर पर कई प्राणी लाए जाने हैं। काफी समय से बॉम्बे जू के साथ जेब्रा लाने के एक प्रोजेक्ट पर भी काम चल रहा है। लेकिन किसी कारण से बॉम्बे जू उसको अभी तक ट्रांसफर नहीं कर पाया है। जिस कारण से यह प्रोजेक्ट थोड़ा सा डिले हो रहा है। वहीं बॉम्बे जू को जेब्रा के बदले में हमसे जो भी ऐनिमल चाहिए वो सभी एनिमल हमारे पास उपलब्ध हैं। हम इस प्रोजेक्ट के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। सब कुछ ठीक रहा तो जल्द ही इंदौर चिड़ियाघर में पर्यटक अफ्रीकन जेब्रा को निहार सकेंगे।

### सरकार के कारण आने में हो रही देरी

मुंबई और इंदौर कमला नेहरू प्राणी संग्रालय के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अफ्रीकन जेब्रा को मुंबई चिड़ियाघर से इंदौर भेजने की तैयारी पूरी हो चुकी है। लेकिन सरकार की अस्थिरता के चलते फाइनल डिसीजन लेने में दिक्कत आ रही है। सूत्रों का कहना है कि जब भी जेब्रा को भेजने के लिए सरकार के बात शुरू होती है और बात फाइनल स्टेज तक पहुंचती है तभी सरकार में उठा-पठक शुरू हो जाती है। जिससे जेब्रा को इंदौर भेजने की सरकारी प्रकिया रुक जाती है। बता दें कि महाराष्ट्र में 2019 के बाद से अब तक 3 मुख्यमंत्री बदल चुके हैं।

### जेब्रा के लिए बाड़ा भी बनकर है तैयार

इंदौर चिड़ियाघर में जेब्रा के एक जोड़े के लिए बाड़ा भी बनकर तैयार हो चुका है। चिड़ियाघर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार जेब्रा के बदले शेर और भेड़िए का जोड़ा मुंबई जू को देना है। इंदौर चिड़ियाघर शेर और भेड़िए का जोड़ा देने के लिए तैयार है, लेकिन मुंबई से ही जेब्रा को देने में देरी हो रही है। इंदौर चिड़ियाघर सूत्रों का कहना है कि मुंबई से हो रही देरी के कारण इंदौर चिड़ियाघर प्रबंधन अब जेब्रा रखने वाले देश के अन्य चिड़िया घरों से भी बात कर रहा है।

### 15 अगस्त पर 30 हजार पर्यटक पहुंचे चिड़ियाघर

इंदौर चिड़ियाघर में मंगलवार यानी 15 अगस्त को 30 हजार पर्यटक पहुंचे। राष्ट्रीय अवकाश के दिन यहां आम अवकाश की तुलना में तीन गुना से ज्यादा पर्यटक पहुंचे। चिड़ियाघर प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार इंदौर जू में आम दिनों रोजाना लगभग 4 से 5 हजार पर्यटक आते हैं। जबकि रविवार को 9 से 10 हजार पर्यटक पहुंचते हैं। बताया जा रहा है कि इस 15 अगस्त को रिकार्ड पर्यटक पहुंचे हैं। पिछले साल 15 अगस्त 2022 को इंदौर चिड़ियाघर में 17 हजार पर्यटक पहुंचे थे।

---

**तुलसी नगर के रहवासियों ने दी चेतावनी**

# 15 दिन में नियमितीकरण नहीं किया तो करेंगे धरना, प्रदर्शन और आमरण अनशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ पर तुलसी नगर के रहवासियों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि यदि स्थानीय शासन, प्रशासन तथा प्रदेश सरकार द्वारा 15 दिनों के भीतर तुलसी नगर कॉलोनी को विधिवत वैध करने की घोषणा नहीं की गई तो रहवासी एवं क्षेत्र के लोग सड़क पर उतरकर संघर्ष करेंगे। इसके अंतर्गत शांतिपूर्ण तरीके से धरना, प्रदर्शन, उपवास तथा उसके पश्चात आमरण-अनशन करेंगे।

वार्ड क्रमांक 36-37 रहवासी महासंघ के संयोजक के के झा, अध्यक्ष राजेश तोमर, तुलसी-सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी के मार्गदर्शक शम्भुनाथ सिंह, सचिव शिव बहादुर सिंह, संजय यादव, विवेक शर्मा, महीप धींग, भगवान झा, शारदा सिंह, अर्चना सचान, ज्योति ठक्कर राजेश वैष्णव, प्रमोद तिवारी मनीष सिंह, भरत पटेल की अगुवाई में सामूहिक संकल्प लिया गया। रहवासियों ने स्थानीय शासन के तुलसी नगर कॉलोनी के नियमितीकरण को लेकर टालमटोल रवैये पर आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से स्थानीय जनप्रतिनिधियों, नगर निगम, प्रशासन के अधिकारियों द्वारा तुलसी नगर के शीघ्र नियमितीकरण को लेकर दिलासा दिया गया पर उनके लम्बे इंतजार का अंत अब तक नहीं हो पाया है।

रहवासी महासंघ के राजेश तोमर एवं केके झा ने कहा कि तुलसी नगर के नियमितीकरण नहीं होने से रहवासियों के विरोध एवं चेतावनी का संज्ञान लेते हुए तीन महीने पूर्व 23 मई महापौर पुष्यमित्र भार्गव द्वारा रहवासियों के प्रतिनिधिमंडल को तुलसी नगर के नवीनतम लेआउट का तीन दिनों के अंदर प्रकाशन तथा कॉलोनी को 15 दिनों में नियमितकिरण करने की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद तुलसी नगर के रहवासी नियमितीकरण की बाट जोह रहे हैं। उन्होंने कहा कि कॉलोनी के लेआउट के प्रकाशन के पश्चात प्रशासन द्वारा रहवासियों के आपत्तियों को प्राप्त करने महीनों बाद भी तुलसी नगर के नियमितीकरण को लेकर कोई ठोस पहल नहीं किया गया है। इस बीच रहवासी अनेक बार स्थानीय विधायक महेंद्र हार्डिया से लेकर कलेक्टर, मेयर, एसडीएम तथा तहसील स्तर के अधिकारियों से मिलकर नियमितीकरण में हो रहे विलंब को लेकर अपनी वेदना व्यक्त कर चुके हैं।

रहवासियों का कहना है कि प्रशासन किसी न किसी मुद्दों को लेकर नियमितीकरण को विलम्बित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनावी आचार संहिता 5 अक्टूबर तक लगने की उम्मीद है, अतः रहवासी अब और अधिक धैर्य नहीं रख सकते। श्री तुलसी-सरस्वती सोशल वेलफेयर सोसाइटी तथा वार्ड 36 - 37 रहवासी महासंघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यदि तुलसी नगर के नियमितीकरण की आधिकारिक घोषणा 15 दिनों के भीतर नहीं की गई तो रहवासी न सिर्फ विरोध एवं अनशन करने पर बाध्य होंगे बल्कि आगामी विधानसभा चुनाव का भी बहिष्कार करेंगे, जिसमें तुलसी नगर के रहवासियों के अलावा क्षेत्र के अन्य कॉलोनियों के लोग भी शामिल होंगे।

# बारिश में सफाई का सर्वे होगा

## ◆पहली बार रैंकिंग गिरने का डर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। इंदौर को स्वच्छता में सातवीं बार नंबर 1 बनाने के लिए टीमें तैयार हैं लेकिन इस बार चैलेंज बड़ा और नया है। दरअसल, केंद्र सरकार पहली बार बारिश के पीक सीजन में सर्वे कराएगी, इससे चिंता बढ़ गई है। शहर में कई जगह फ्लायओवर, मेट्रो ब्रिज और सड़कों के कारण सड़कें, सर्विस रोड खुदे पड़े हैं। इसके कारण रास्ते डायवर्टेड हैं और मामूली बारिश में ही सड़कें तालाब बना रही है, अंडरग्राउंड ड्रेनेज लाइन ओवरफ्लो हो जाती है।

इस संकट का अभी कोई समाधान नहीं दिख रहा है इसलिए अफसरों ने केंद्र सरकार के सामने अपनी समस्या रख दी है। नंबर कटने और रैंकिंग गिरने का डर है। हालांकि, वहां से अभी यही संकेत हैं कि 17 अगस्त के बाद से सर्वे शुरू करने जा रहे हैं। यही नहीं, चुनावी तबादलों के कारण प्रशासन से लेकर नगर निगम के तमाम अफसर बदल गए हैं। इंदौर में पहली बार स्वच्छता सर्वे का सामना करने जा रही नगर निगम की कमिश्नर हर्षिकासिंह का तो यहां तक कहना है कि बारिश में स्वच्छता सर्वेक्षण इंदौर ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए चुनौती है। ये बात उन्होंने सर्वेक्षण के लिए दिल्ली से आने वाली टीम के सामने भी रखी है।

---

**कटाक्ष**




### दानपेटी की राशि से करेंगे निर्माण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** शहर के प्रसिद्ध आस्था के केन्द्र खजराना गणेश मंदिर में सतत विकास कार्य हो रहे हैं। यहां अन्न शाला, भक्त सदन, प्रवचन हॉल और गौशाला का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इसी क्रम में अगले माह पार्किंग निर्माण भी प्रस्तावित है। इसके निर्माण पर 80 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। यह राशि दान पेटियों से ली जाएगी। मंदिर के पुजारी अशोक भट्ट ने बताया कि यहां रोजाना हजारों की संख्या में दो व चार पहिया वाहन से भक्तगण आते हैं। व्यवस्थित पार्किंग नहीं होने से वाहनों को यहां-वहां खड़ा किया जाता है। खास दिनों में वाहनों की संख्या बढ़ने से वाहन चालक दुकानों और मकानों के सामने पार्क करते हैं, जिससे विवाद की स्थिति भी निर्मित होती है। अस्त व्यस्त तरीके से वाहन खड़े किए जाने से उन्हें निकालने में भी दिक्कत आती है। इस समस्या के स्थायी निदान के लिए काली माता मंदिर के सामने मंदिर की रिक्त पड़ी जमीन पर पार्किंग तैयार किया जाएगा। पार्किंग में 300 टू व्हीलर और 75 कार खड़ी हो सकेगी। पार्किंग शुल्क का निर्धारण मंदिर प्रशासक और कलेक्टर इलैया राजा करेंगे। मंदिर के सूत्रों ने बताया कि आम पार्किंग की तरह यहां भी दोपहिया के 10 तथा चार पहिया के 20 रुपए लिए जाएंगे। पार्किंग का संचालन मंदिर समिति करेगी।

# वृद्धजनों के लिए हुआ निःशुल्क हैप्पीनेस सेंटर प्रारंभ

### जीवन में सफल होने के लिए जो करना चाहते हैं वही बोलना एवं सोचना शुरु कर दें सपने सच हो जाएंगे - अंजना रितोरिया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** मोटिवेशनल स्पीकर इंदौर में जन्मी अंजना रितोरिया ने तुलसी नगर में वृद्ध जनों के लिए निशुल्क हैप्पीनेस सेंटर प्रारंभ किया। इस अवसर पर विधायक महेंद्र हार्डिया,अंजना रितोरिया,शिव गोगड़े,सुषमा पटेल, गायत्री गोगड़े सभी ने मिलकर आर्मी रिटायर्ड डॉक्टर एस एल शर्मा को देश के लिए दी गयी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। प्रखर वक्ता एवं मोटिवेशनल स्पीकर अंजना रितोरिया ने बताया कि हैप्पीनेस सेंटर मेरा सपना था जो कि 60 वर्ष से अधिक बुजुर्गों के जीवन में खुशियां लाने का काम करेगा यह पूर्ण रूप से निशुल्क होगा इसमें किसी प्रकार की कोई चैरिटी नहीं ली जाएगी मेरी कमाई के कुछ हिस्से से ही इसे संचालित किया जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि कोरोना काल में सभी जगह नकारात्मक बातों का माहौल बना हुआ था तब उन्होंने लॉ आफ अट्रेक्शन के बारे में बताया कि लॉ आफ अट्रेक्शन से खुद को सकारात्मक ऊर्जा देती रहती हूं लॉकडाउन के 40 दिनों में '40 से 40 करोड़' किताब लिख दी किताब अमेजॉन पर बेस्ट सेलर की सूची में शामिल हुई।किताब कैसे और क्यों लिखी इसके बारे में बताती हैं की चैनल और अखबारों के माध्यम से पता चला कि युवा नौकरी गंवाने,कोरोना संक्रमित हो जाने,या किसी अपने खो देने पर, एक युवा ने तो आत्महत्या का प्रयास इसलिए किया कि उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव ना आ जाए तब जाकर मैंने जीवन में सफलता के आसमान पर कैसे पहुंचा जा सकता है अपने जीवन से नकारात्मकता को कैसे हटाया जा सकता है अपने अनुभवों को शामिल किया। आज मैं एक मोटिवेशनल स्पीकर हूं युवाओं को सफलता कैसे प्राप्त करें बुजुर्गों को कैसे खुश रहें प्रेरणा देने का कार्य कर रही हूं और मेरे लिस्नर्स भारत के कई राज्यों सहित दुनिया के कई देशों में मौजूद हैं।

# इंटीरियर डिजाइनर की हत्या में दो निगरानीशुदा बदमाशों की तलाश में रातभर छापेमारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। चंदन नगर में बुधवार रात इंजीनियर की हत्या कर दी। हत्याकांड में शामिल दो बदमाशों की पुलिस ने पहचान कर ली है। पुलिस दोनों बदमाशों की तलाश में पूरी रात छापेमारी करती रही। पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले।**

टीआई मनोज मिश्रा के मुताबिक घटना रात साढ़े नौ बजे धार रोड पर चंदन नगर में हुई। अतुल (30) पिता महेश जैन निवासी द्वारकापुरी दोस्त धीरेंद्र पांचाल के साथ फॉर्च्यूनर कार (एमपी 09-एमएम-0900) से भांगिया में निखिल नाम के युवक से मिलने गए थे। वहां से लौटते समय कार धीरेंद्र चला रहा था।

चंदन नगर में रोड क्रॉस करने की बात पर एक्टिवा सवार दो बदमाशों से उनका विवाद हो गया। अतुल उतरकर समझाने गया तो विवाद बढ़ गया। इसी दौरान बदमाशों ने चाकू से अतुल पर वार किए और भाग निकले।

घायल अतुल को लेकर धीरेंद्र रणजीत हनुमान रोड के नर्सिंग होम में और फिर चोइथराम अस्पताल पहुंचा, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों के मुताबिक अतुल के पेट में चाकू लगने से अत्यधिक खून बह गया था।

### सराफा में की थी चाकूबाजी, निगरानीशुदा बदमाश

हत्यारों में से एक राहुल इंदुरिया निवासी मारुति पैलेस है। राहुल पर चाकूबाजी, अड़ीबाजी और मारपीट के अपराध दर्ज हैं। आरोपी सराफा में भी कुछ दिन पहले चाकूबाजी की वारदात को अंजाम दे चुका है। रात में पुलिस बदमाशों के घर पहुंची। लेकिन वह नहीं मिले।जानकारी के मुताबिक हत्या में दोनो के साथ ओर भी बदमाश शामिल थे। चदंन नगर पुलिस ने पलसीकर इलाके से इस हत्यांकाड में शामिल कुछ लोगो को हिरासत में ले लिया है। जिन्हें पूछताछ के लिये थाने ले जाया गया है।

### लोगों से पता चला चाकू चले, मौके पर कुछ नहीं मिला

जानकारी के मुताबिक रात में वाइन शॉप के पास से पुलिस को 10 बजे के लगभग चाकूबाजी की सूचना मिली। थाने के सिपाही मौके पर पहुंचे तो वहां कोई नही मिला। देर रात चोइथराम अस्पताल से अतुल की मौत की सूचना मिली। जिसके बाद अफसर हरकत में आए।

# सोने की अंगूठी का बाक्स लेकर भागने वाले पकड़ाए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। परदेशीपुरा इलाके में एक सप्ताह पहले सोने की अंगूठी से भरा बॉक्स लेकर भागने वाले आरोपी और उसके दो साथियों को क्राइम ब्रांच ने पकड़ लिया है। क्राइम ब्रांच ने लगातार आरोपियों के फुटेज खंगाले और उन तक पहुंच गई। उन्होंने मूवी को देखने के बाद इस तरह का प्लान बनाया ओर पहली बार वह सफल भी हो गए। क्राइम ब्रांच इस मामले में गुरुवार को खुलासा करेगी।

क्राइम ब्रांच की टीम ने पिछले शुक्रवार को राणी सती ज्वेलर्स पर चोरी करने वाले बदमाश गौरव निवासी देवास नाका के साथ उसके दो साथी हर्ष और सत्येन्द्र को दबोच लिया। आरोपियों के पास से पुलिस ने सोने की अंगूठी का बॉक्स भी जब्त किया है। जानकारी के मुताबिक गौरव दुकान से बॉक्स लेकर भागा था। इसके बाद उसे रास्ते में दूसरा साथी मिला। आरोपियों ने वारदात करने के बाद अपने तीसरे साथी को रास्ते से बैठाया था। इसके बाद तीनों देवास नाके तक पहुंचे थे।

### विश्रांति चौराहे तक दिखे थे दो बदमाश

क्राइम ब्रांच ने कई फुटेज के साथ मोबाइल डाटा भी देखा। परदेशीपुरा पुलिस जब आरोपियों को पकडऩे में लगी थी तो वह विश्रांति चौराहे तक पहुंची। लेकिन इसके बाद आरोपियों के फुटेज उन्हें नहीं मिले। क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक आरोपियों ने मूवी देखकर पहली बार इस तरह का अपराध किया है।

# धमकी देकर युवती से दो लाख ठगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। **आनलाइन शापिंग कंपनी कर रही युवती साइबर अपराधियों का शिकार बन गई। जालसाजों ने युवती को ड्रग केस में फंसाने की धमकी देकर दो लाख रुपये ठग लिए। युवती ने क्राइम ब्रांच की साइबर सेल में शिकायत दर्ज करवाई है।**

एडीसीपी (अपराध) राजेश दंडोतिया के मुताबिक, युवती के पास पार्सल डिलीवर करने के लिए काल आया था।आरोपितों ने कहा कि पार्सल का स्टेटस जानना तो फोन पर एक दबाइए। युवती ने नंबर डायल किया तो वहां से कहा कि पार्सल में अवैध सामग्री है। इसमें लेपटाप और ड्रग्स हैं। अगर यह सामग्री आपकी नहीं है तो आप एफआइआर दर्ज करवा दिजिए। आरोपितों ने युवती का काल दूसरी जगह ट्रांसफर किया और वीडियो काल पर बात करवाई।

बात करने वाला व्यक्ति पुलिस की वर्दी में बैठा था। वह पुरा सेटअप लगाकर बैठा हुआ था। उसने कहा कि हमें आपके बारे में जांच करना है। यह भी देखना है कि खातों में गलत तरीके से रुपया तो जमा नहीं हुआ है। आरोपितों ने दो बार में 98 हजार रुपये (एक लाख 96 हजार) रुपये निकाल लिए। आरोपितों ने यह बोलकर रुपये लिए कि वह खातों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने स्वयं को पुलिस अधिकारी बताया और कहा कि वह 15 मिनट बाद रुपये लौटा देंगे।

# युवक पर चाकू से हमला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। एरोड्रम इलाके में विवाद के चलते चार आरोपियों ने एक युवक को जमकर पीटा और चाकू घोंपकर घायल कर दिया। पुलिस के मुताबिक घटना भेरूबाबा मंदिर के सामने नगीन नगर में हुई फरियादी मयंक पिता महेश यादव निवासी बेकरी गली पाटनीपुरा की रिपोर्ट पर अज्ञात चार आरोपियों पर केस दर्ज किया गया है। मयंक ने बताया कि मेरे पास अज्ञात चार लोग आए और आयुष से बोले कि तू हमारे दोस्त की गर्लफ्रेंड से क्यों बात करता है। आयुष ने कहा कि मैं तो अपनी गर्लफ्रेंड के अलावा किसी गर्लफ्रेंड से बात नहीं करता। इस पर चारों आरोपियों ने मारपीट की। एक आरोपी ने अपनी जेब से चाकू निकाला और आयुष को कमर में मार दिया।

# गैस टैंकर में विस्फोट मामले में केस दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ट्रांसपोर्ट नगर में गत दिनों गैस टैंकर को काटने के दौरान विस्फोट में 4 मजदूरों के घायल होने की घटना में पुलिस ने स्क्रैप व्यवसायी पर केस दर्ज किया है। भंवरकुआं पुलिस ने बताया कि 12 अगस्त की दोपहर घटना मैकेनिक नगर गुरुद्वारा के सामने हुई थी। यहां बिना किसी सुरक्षा संसाधन के मजदूरों को गैस टैंकर को गैस कटर से काटने के काम में आरोपी व्यवसायी मो. समीर उर्फ भूरा पिता मो. सगीर निवासी ग्रीन पार्क कॉलोनी ने लगाया था। अचानक गैस टैंकर में विस्फोट होने से मजदूर अजय, शादाब, सलीम और दिलीप घायल गए थे। आरोपी के खिलाफ सुरक्षा उपायों में लापरवाही की धाराओं में केस दर्ज किया गया।

◆ सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत ...

# वृद्धा को नहीं दे रहा था किराया, अब किश्तों में चुकाएगा किरायेदार

### मकान खाली कराने पर देता था धमकी

इंदौर। शहर के सीनियर सिटीजन की समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस द्वारा सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत का संचालन किया जा रहा है। जिसमें पुलिस उपायुक्त (मु यालय) जगदीश डावर के निर्देशन में प्राथमिकता के साथ प्रति बुधवार शिकायतों का निराकरण किया जाता है। आज पंचायत छह मामलों में पुलिस ने काउसिलिंग कर निपटारा किया। सिटीजन पुलिस पंचायत में काउंसलर टीम के डॉ. आरडी यादव, पुरुषोत्तम यादव, रमेश शर्मा, वीडी कुशगोतिया, सन्नी मोदी की टीम को कुल 7 प्रकरणों में से 6 प्रकरणों के निराकरण किया। पहले मामले में एमआईजी क्षेत्र की 63 वर्षीय प्रबुद्ध वर्ग की समाज सेविका को किराएदार द्वारा 2020 से किराया नहीं देते हुए कब्जा किया हुआ था। किरायेदार वृद्धा को दादागिरी से बोलता था किराया भी नहीं दूंगा खाली भी नहीं करूंगा। इस पर पुलिस पंचायत में काउंसलिंग के पश्चात, अनावेदक ने शाम तक  50000 की राशि देने एवं सितंबर में एवं अक्टूबर में 50 -50 हजार की शेष राशि भुगतान का वादा कर 15 सितंबर तक मकान खाली करने की लिखित सहमति दी। दूसरे प्रकरण में आजाद नगर क्षेत्र के 70 वर्षीय बुजुर्ग का मकान उसका बेटा खाली नहीं कर रहा था। इस पर टीम ने बेटे की काउंसिलिंग की, जिसके बाद पुत्र द्वारा अपनी गलती स्वीकार करते हुए 20 अगस्त तक मकान खाली करने की सहमति दी। तीसरे प्रकरण में खजराना इलाके में बुजुर्ग के मकान की तीसरी मंजिल पर विवाहित पुत्री के रहने से परिवार में अशांति थी। टीम ने बेटे को बुलाकर समझाया कि पिता की संपत्ति में बेटी का भी हक है और बहन भी परिवार का हिस्सा है। इस पर पुत्र ने आगे से विवाद नहीं करने का आश्वासन दिया। प्रकरण क्रमांक 4 थाना एमआईजी के अंतर्गत निवास करने वाली 74 वर्षीय विधवा वृद्धा के द्वारा शिकायत की गई थी उनके पुत्र और बहू के द्वारा मेरे मकान पर कब्जा कर लिया गया है।



# सीधी पेशाब कांड में मुख्यमंत्री के आदेश पर लगाया गया एनएसए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर। हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष बहुचर्चित सीधी पेशाब कांड मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान याचिकाकर्ता की ओर से तर्क दिया गया कि मुख्यमंत्री के आदेश पर एनएसए की कार्रवाई मनमाने तरीके से की गई है। जबकि इसका ठोस वैधानिक आधार मौजूद नहीं था। हाई कोर्ट ने इस जवाब को रिकार्ड पर लेकर राज्य शासन को जवाब पेश करने के लिए एक सितंबर तक का समय दे दिया है।**

बहुचर्चित सीधी पेशाब कांड मामले की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता सीधी निवासी कंचन शुक्ला की ओर से अधिवक्ता अनिरूद्ध मिश्रा ने पक्ष रखा। अनिरूद्ध मिश्रा ने दलील दी कि याचिकाकर्ता के पति प्रवेश शुक्ला को एनएसए के तहत जेल में बंद कर दिया गया है। चूंकि प्रवेश का आपराधिक रिकार्ड नहीं था अतः एनएसए की कार्रवाई की वैधानिकता चुनौती के योग्य है। यह कार्रवाई संविधान के अनुच्छेद-21 के विपरीत होने के कारण भी अनुचित है। इस मामले की प्रारंभिक सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने शासकीय अधिवक्ता को राज्य शासन से निर्देश हासिल कर अवगत कराने की जिम्मेदारी सौंपी थी।

### वायरल वीडियो तीन साल पुराना

याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता अनिरुद्ध मिश्रा ने यह भी दलील दी कि जिस वीडियो के वायरल होने के आधार पर एनएसए लगाया गया वह तीन साल पुराना है। 2020 के वीडियो के कारण किसी प्रकार के दंगे या विवाद की कोई स्थिति निर्मित नहीं हुई थी। मुख्यमंत्री द्वारा इंटरनेट मीडिया में की गई पोस्ट का हवाला देते हुए कहा गया कि यह पब्लिक आर्डर के तहत नहीं सीएम आर्डर के तहत की गई कार्यवाही थी।

# दिग्विजय सिंह बोले- एमपी में चुनाव जीते तो बजरंग दल पर नहीं लगाएंगे प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के पूर्व सीएम और राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह ने कहा कि अगर हम मध्य प्रदेश में चुनाव जीतते हैं तो बजरंग दल पर प्रतिबंध नहीं लगाएंगे। उन्होंने कहा कि बजरंग दल में कुछ अच्छे लोग भी हो सकते हैं। लेकिन हम दंगों या हिंसा में शामिल किसी को भी नहीं बख्शेंगे। इसके पहले कर्नाटक में चुनाव के दौरान कांग्रेस ने बजरंग दल पर प्रतिबंध लगाने की बात अपने घोषणापत्र में की थी। जिसके बाद पूरे देश में बजरंग दल से जुड़े लोगों ने प्रदर्शन कर विरोध किया था।

### सीएम शिवराज ने कहा, इन्हें वोट की फसल की चिंता

उधर पूर्व सीएम कमल नाथ और दिग्विजय सिंह के हिंदुत्व को लेकर आए बयान पर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने पलटवार करते हुए कहा कि इन्हें वोट की फसल की चिंता है। उन्होंने इन दोनों नेताओं को हिंदुत्व से कोई मतलब नहीं है।

# रक्षाबंधन पर भगवान महाकाल को लगेगा सवा लाख लड्डुओं का महाभोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में श्रावणी पूर्णिमा पर 30 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार मनाया जाएगा। तड़के 3 बजे भस्म आरती में सबसे पहले पुजारी परिवार की महिलाएं भगवान महाकाल को राखी बांधेगी। पश्चात भगवान महाकाल को सवा लाख लड्डुओं का भोग लगाकर आरती की जाएगी। भक्तों को दिनभर लड्डू प्रसादी का वितरण होगा।

### 30 अगस्त को श्रावणी पूर्णिमा

पुजारी प्रदीप गुरु ने बताया महाकाल ज्योतिर्लिंग की पूजन परंपरा में श्रावणी पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इस दिन पुण्य पवित्र श्रावण मास का समापन होता है और भगवान महाकाल को सवा लाख लड्डुओं का महाभोग लगाया जाता है। इस बार भी 30 अगस्त को श्रावणी पूर्णिमा मनाई जाएगी। भस्म आरती में भगवान महाकाल को सबसे पहले राखी बांधकर महाभोग लगाया जाएगा।

### श्रावण माह का उपवास खोलते हैं श्रद्धालु

विशेष यह है कि जो भक्त श्रावण मास में पूरे माह उपवास रखते हैं, वे रक्षाबंधन के दिन भगवान महाकाल की लड्डू प्रसादी ग्रहण करके उपवास खोलते हैं। इसलिए भक्तों को पूरे दिन महाप्रसादी का वितरण किया जाता है। परंपरा अनुसार सवा लाख लड्डुओं का भोग भस्म आरती करने वाले पुजारी परिवार की ओर से लगाया जाता है। इसलिए इस बार का महाभोग हमारे परिवार द्वारा भक्तों के सहयोग से लगाया जाएगा। महापर्व पर मंदिर में विशेष पुष्प सज्जा की जाएगी।

# मैहर के बाद अब सतना में मासूम से दरिंदगी

## दुष्कर्म केस में सजा काटकर आए आरोपी ने किया रेप; 5 साल की बच्ची रीवा रेफर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सतना। मैहर के बाद अब सतना में एक मासूम दरिंदगी का शिकार हुई है। दुष्कर्म मामले में जेल से सजा काटकर आए आरोपी ने 5 साल की बच्ची के साथ रेप किया। घटना बुधवार शाम की है। पीड़ित को गंभीर हालत में रीवा के मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

### मासूम को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया

बताया जा रहा है कि आरोपी शाम करीब 5:30 बजे बच्ची को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था। कुछ देर बाद वह बच्ची को लहूलुहान हालत में गोद में उठाकर ले जाता दिखा। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी।

जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस आरोपी और बच्ची को थाने ले आई। यहां बच्ची बेहोश हो गई। पुलिस उसे जिला अस्पताल ले गई। यहां डॉक्टरों ने उसे मेडिकल कॉलेज रीवा भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, पीड़ित अपनी दादी के साथ रहती है। ये भीख मांगकर अपना गुजारा करते हैं। वहीं आरोपी का नाम राकेश वर्मा (35) निवासी जीवन ज्योति कॉलोनी सतना बताया जा रहा है। वह हाल ही में दुष्कर्म के एक मामले में जेल से सजा काटकर बाहर आया है।

# दफीना नहीं मिलने पर मंदिर में की तोड़फोड़

## पुलिस ने गिरफ्तार किया; बोला- सपने में माता बता रही थीं गढ़ा धन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर।** सागर पुलिस ने मंदिर में तोड़फोड़ करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में बोला कि उसने ऐसा गड़ा धन (दफीना) नहीं मिलने पर किया। सपने में माता ने उसे गड़े धन के बारे में बताया था।

मामला जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र के वाराह हर्राखेड़ा गांव का है। आरोपी गांव का ही रहने वाला है। उसने कहा कि गुस्से में उसने मंदिर में तोड़फोड़ की। देवी प्रतिमा को भी खंडित कर दिया।

वाराह हर्राखेड़ा गांव के पास प्राचीन खेरापति मंदिर है। मंदिर में ही माता सिंहवाहिनी विराजी हैं। 14 अगस्त की रात यहां तोड़फोड़ की गई थी। 15 अगस्त की सुबह इसका पता चला। महाराजपुर पुलिस और FSL टीम ने जांच की।

पड़ताल के दौरान पुलिस ने कुछ संदिग्धों को उठाया। मुखबिर भी एक्टिव किए। संदेही नेतराम प्रजापति (33) को थाने लाकर पूछताछ की। पहले तो उसने कुछ नहीं बताया, लेकिन जब पुलिस ने सख्ती की तो सारा सच कह दिया।

महाराजपुर थाना प्रभारी मीनेश भदौरिया ने बताया कि पूछताछ में आरोपी नेतराम ने बताया कि घटना से 4-5 दिन पहले से माताजी सपने में आकर उसे जमीन में गड़े खजाने का बता रही थीं। वह 4-5 दिन से मंदिर के आसपास जंगल में खजाने की खोज कर रहा था। लेकिन, खजाना नहीं मिला। गुस्से में वह मंदिर पहुंचा।



# संपादकीय

## कुंठा की प्रवृत्ति कायम


दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार यहां की शिक्षा व्यवस्था का ढिंढोरा देश भर में पीटती रहती है, लेकिन स्कूलों में शिक्षकों के बर्ताव से इतर यह भी बताए जाने की जरूरत है कि खुद सरकार के कितने विधायक, मंत्री या अफसरों के बच्चे दिल्ली के सरकारी स्कूलों में पढ़ते हैं और इसके क्या कारण हैं? किसी भी परिस्थिति में बच्चों की पिटाई करने वाला शिक्षक एक तरह से शिक्षण कार्यों की कसौटी पर अपनी अयोग्यता दर्शाता है। दिल्ली के एक स्कूल में महज दो किताबें न ला पाने की वजह से एक छात्र की बुरी तरह पिटाई की खबर यही दर्शाती है कि सरकार से लेकर अदालतों तक के दिशा-निर्देशों के बावजूद कुछ शिक्षकों के भीतर कुंठा की प्रवृत्ति बदस्तूर कायम है। अफसोसनाक यह भी है कि दिल्ली के शिक्षा माडल का हवाला देने में यहां की आम आदमी पार्टी की सरकार हमेशा बढ़-चढ़ कर दावे करती रहती है, लेकिन सच यह है कि स्कूलों में बच्चों को यातना दिए जाने की सबसे बुनियादी समस्या को खत्म करना अब तक संभव नहीं हो सका है। खबर के मुताबिक, उत्तर-पूर्वी दिल्ली के तुकमीरपुर में स्थित एक राजकीय स्कूल में छठी कक्षा के एक विद्यार्थी को एक विषय की किताब घर पर भूल जाने की बात पर शिक्षक ने बच्चे को इस तरह थप्पड़ जड़े कि उसकी गर्दन में सूजन आ गई। बच्चे की तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर मामले ने तूल पकड़ा और थाने में प्राथमिकी दर्ज हुई। अब मामले की जांच होगी, लेकिन सवाल यह है स्कूलों में उत्पीड़न के इस पाठ पर रोक क्यों नहीं लग पा रही है। गौरतलब है कि स्कूलों में किसी भी कारण से बच्चों को शारीरिक या मानसिक दंड पर सख्त पाबंदी है। शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान यह बताया भी जाता रहता है कि कक्षा में उन्हें बच्चों के साथ बेहद मानवीय और नरम तरीके से पेश आना चाहिए। किसी भी बात पर पिटाई तो दूर, डांट-फटकार से भी पूरी तरह बचना है। लेकिन सच यह है कि इसके बावजूद कुछ शिक्षक वैसी बातों पर भी आपा खो देते हैं, जिन्हें मामूली प्रयासों से भी सुलझाया या समझा जा सकता है।

**Quote...**

"Always remember that you are absolutely unique. Just like everyone else."

-Margaret Mead

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

*हमारे जीवन में एक कंत की जरूरत है ...कंत माने इष्टदेव... हमारा मालिक ...हमारा स्वामी... हमारा नाथ ... हमारा सब कुछ... एक कंत ...एक शरणागति ... एक परम तत्व के हम आश्रित हो जाएं...*

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

**धर्म-कर्म**

# संतान प्राप्ति के लिए 26 अगस्त को रखा जाएगा पुत्रदा एकादशी व्रत

## नोट कर लें शुभ मुहूर्त और महत्व



सनातन हिंदू परंपरा में एकादशी तिथि का बहुत बड़ा महत्व माना जाता है। बता दें कि सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को पुत्रदा एकादशी कहा जाता है। पुत्रदा एकादशी साल में दो बार पड़ता है। एक सावन माह में और दूसरा पौष माह के शुक्ल पक्ष में। पुत्रदा एकादशी के दिन भक्त भगवान विष्णु की पूरी विधि-विधान से पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसी मान्यता है कि इस व्रत को रखने से संतान सुख की प्राप्ति होती है। साथ ही संतानों के सारे कष्ट दूर हो जाते हैं। आइए जानते हैं कब है पुत्रदा एकादशी और जानेंगे इसके शुभ मुहूर्त।

### पुत्रदा एकादशी डेट

सनातन हिंदू पंचांग के अनुसार, साल 2023 के सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि 26 अगस्त की देर रात 12:08 से प्रारंभ हो रही है। जबकि इस तिथि की समाप्ति 27 अगस्त की रात 9:32 मिनट पर समाप्त होगी। हालांकि, उदया तिथि 2 होने के कारण सावन माह की पुत्रदा एकादशी का व्रत 27 अगस्त, रविवार को रखा जाएगा।

### पुत्रदा एकादशी शुभ मुहूर्त

पुत्रदा एकादशी के दिन पूजा करने का शुभ मुहूर्त 27 अगस्त को सुबह से प्रारंभ हो जाएगा। इस दिन सवार्थ सिद्धि योग सुबह 5:56 से शुरू होकर 7:16 तक रहेगा। माना जा रहा है कि इस दौरान पूजा करने से भक्तों को शुभ फलों की प्राप्ति होगी।

### पुत्रदा एकादशी का महत्व

ऐसी मान्यता है कि पुत्रदा एकादशी का व्रत रखने से संतान की प्राप्ति होती है। माना जाता है कि इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की विधि–विधान से पूजा–अर्चना करने से संतान को अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की प्राप्ति भी होती है। बता दें कि पुत्रदा एकादशी व्रत का पारण 28 अगस्त को सुबह 5:57 से 8:31 तक किया जाएगा।

**डिस्क्लेमर : इस आलेख में दी गई जानकारियों पर हम यह दावा नहीं करते कि ये पूर्णतया सत्य एवं सटीक हैं। इन्हें अपनाने से पहले संबंधित क्षेत्र के विशेषज्ञ की सलाह जरूर लें।**


## Highlights

1. PM Modi condoles demise of DRDO's ex-chief VS Arunachalam
2. Gandhi murder, Guj riots restored in Kerala's Class 11, 12 books
3. Delhi University is completely ragging free: Vice Chancellor Singh
4. 15 houses destroyed after landslide hits Dehradun, video surfaces
5. RPF jawan who killed 4 inside Jaipur-Mumbai train dismissed from service
6. 26-yr-old T'gana man jailed for 16 days for misbehaving with woman

# Amidst a slew of parental control tools, an internet filtering router emerges

**NEW DElHI, (Agency).** The amount of screen time and internet access children have in this era, it often becomes difficult to monitor what they're up to and is a point of concern for most parents — the sites they browse, how much time they spend on each device every day and the trajectory of internet use. Monitoring internet activity of your children may not necessarily require manual interventions as you may have tried thus far.

The answer is a derivative of the question we've all asked as parents in a connected home — wouldn't it have been great if we had a tool that was easy to configure for setting time limits of access, filter websites and generate deeper insights into browsing habits, irrespective of devices? Some routers do, but navigating that functionality often encounters complexity, not something most users are adept with.




After all, there are many connected devices that your child may have access too. A smartphone, tablet, perhaps even a desktop or laptop, a smart speaker or display, a TV that is obviously 'smart', and or a Microsoft Xbox or Sony PlayStation console. More, as they grow up. A child's world is more connected than ever before, for better or worse.

Screen time options parents have, thus far?

While smartphones, desktops and PCs have their own screen time apps, they're largely limited to that one device. Apple, Google and Microsoft have tools that work on their device ecosystem.

Google's Family Link includes options to set screen time limits, manage permissions that apps allow on your child's device and approve or block app downloads. The unique proposition is also the ability to follow their location, with further details such as their phone's battery level at the time.

Microsoft's Family Safety tool can be used to set app and game specific time limits on Windows PCs, Xbox consoles and even Android devices.

# Days after SBFC Finance IPO, shares make 'strong' market debut

**NEW DElHI, (Agency).** SBFC Finance shares: Days after its initial public offering (IPO) opened and closed for subscription, the shares of SBFC Finance Private Limited made an 'impressive' debut in the stock exchanges on Wednesday, a day after markets reopened after the Independence Day holiday.

According to HT's sister publication Livemint, shares of the non-banking lender were listed on the Bombay Stock Exchange (BSE) at ₹81.99 apiece, a premium of 43.84% to the issue price of ₹57 per share.




On the National Stock Exchange (NSE), the figures for the Mumbai-based company were quite similar to those on the BSE. Here, its stock opened at ₹82 apiece, a premium of 43.85%.

New Delhi

# दिल्ली हाईकोर्ट ने 'अजन्मे बच्चे की मौत' के लिए मुआवजा देने का दिया आदेश, हादसे में गई थी जान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** दिल्ली हाईकोर्ट ने एक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाली 27 वर्षीय गर्भवती महिला (पुलिस कांस्टेबल) के पति को 5 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है. अदालत ने कहा कि व्यक्ति, महिला के गर्भ में पल रहे भ्रूण के खोने के लिए भी मुआवजे का हकदार है. हादसे के समय, महिला के गर्भ में पल रहा भ्रूण आठ महीने का था और महिला उत्तर प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल थी. जस्टिस नवीन चावला ने कहा कि भ्रूण एक महिला के अंदर एक और जीवन होता है और इसे गंवाना असल में जन्म लेने वाली संतान को खो देना है और मृतका के पति ने हादसे में अपने पूरे परिवार को खो दिया. उत्तर प्रदेश पुलिस कांस्टेबल की जुलाई 2013 में उस समय मौत हो गई थी जब तेज गति से आ रहे एक ट्रक ने एक मोटरसाइकिल को पीछे से टक्कर




मार दी थी. इस मोटरसाइकिल पर महिला कांस्टेबल अपने सहकर्मी के साथ सवार थी. अदालत ने कहा कि पति 'उचित' मुआवजे का हकदार है. अदालत ने कहा कि आठ माह के अजन्मे बच्चे की मौत के लिए 2.5 लाख रुपये मुआवजा देने का मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण का फैसला पर्याप्त नहीं है. न्यायाधीश ने निर्देश दिया कि बीमाकर्ता द्वारा मुआवजे की बढ़ाई गई राशि पांच लाख रुपये अदा की जाए. अदालत ने हाल के एक आदेश में कहा, 'इसमें कोई संदेह नहीं है कि अपीलकर्ता मुआवजे का हकदार है. वर्तमान मामले के तथ्यों को ध्यान में रखते हुए, मुझे लगता है कि न्यायाधिकरण द्वारा दिया गया 2,50,000 रुपये का मुआवजा अपर्याप्त है. इसे बढ़ाकर 5,00,000 रुपये किया जाएगा.' अदालत का आदेश न्यायाधिकरण द्वारा दी गई मुआवजे की राशि के खिलाफ पति की अपील पर आया. न्यायाधिकरण ने माना था कि लापरवाही से गाड़ी चलाने के कारण कांस्टेबल की मौत हो गई.

Maharashtra

## नाबालिग हिन्दू लड़की को अगवा कर ले जा रहा था मुस्लिम लड़का, भीड़ ने स्टेशन पर ही दबोचा; जबर्दस्त पिटाई

**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई के बांद्रा रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ पकड़े जाने पर भीड़ ने कथित तौर पर 'जय श्री राम' के नारे लगाते हुए एक मुस्लिम किशोर की पिटाई कर दी। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, यह घटना 21 जुलाई की है, लेकिन घटना का वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद यह मामला सामने आया। राजकीय रेलवे पुलिस (GRP) ने बुधवार को मामले का स्वतः संज्ञान लिया और अज्ञात हमलावरों के खिलाफ मामला दर्ज किया। बांद्रा जीआरपी के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बारे में निर्मल नगर पुलिस से एक पत्र मिलने के बाद, अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दंगा और हमला करने के सिलसिले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं, लड़के की पिटाई करने वाले लोगों ने दावा किया कि उसने लड़की का अपहरण कर लिया था। पुलिस के एक अधिकारी के मुताबिक, 16 वर्षीय लड़का और 17 वर्षीय लड़की दोनों ही ठाणे जिले के अंबरनाथ इलाके के रहने वाले हैं। पुलिस अधिकारी ने कहा, ''यह घटना 21 जुलाई की है, जब मुस्लिम लड़के और हिंदू लड़की को लोगों के एक समूह ने रेलवे स्टेशन पर पकड़ लिया।

Uttarpradesh

## Gadar 2 देखने में पिट गए लोग, कानपुर के सिनेमा हॉल में जमकर चले लात-घूंसे!

**कानपुर, (एजेंसी)** सनी देओल की गदर 2 बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है. फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ उमड़ रही है. अधिकांश शो हाउसफुल जा रहे हैं. यूपी के कानपुर में भी Gadar 2 का क्रेज देखने को मिल रहा है. लेकिन बीते दिन यहां फिल्म देखने के दौरान सिनेमाघर के अंदर ही बवाल हो गया. दरअसल, घटना की शुरुआत हुई सिनेमाघर में AC खराब होने की शिकायत को लेकर. गदर 2 देखने आए कुछ दर्शकों ने गर्मी के बीच सिनेमाघर में AC खराब होने की शिकायत की. जब काफी देर तक AC ठीक नहीं हुई तो गर्मी के कारण ऑडियंस ने हंगामा शुरू कर दिया, जिसको लेकर उनकी बाउंसरों से बहस हो गई. देखते ही देखते ये बहस मारपीट में बदल गई. आरोप है कि बाउंसरों ने कई दर्शकों की पिटाई की।

New Delhi

## मुसलमान भी पहले हिंदू ही थे, गुलाम नबी आजाद की दो टूक; वीडियो वायरल

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सोशल मीडिया में इन दिनों एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में पूर्व कांग्रेसी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष रहे गुलाम नबी आजाद को भारत में धर्मों के ऐतिहासिक संदर्भ के बारे में बात करते हुए देखा और सुना जा सकता है। पूर्व कांग्रेस नेता ने कहा कि इस देश में हर कोई हिंदू के रूप में ही पैदा हुआ है। उन्होंने कहा, 'इस्लाम लगभग 1500 साल पहले उभरा, जबकि हिंदू धर्म अत्यंत प्राचीन है। कुछ मुसलमान बाहरी मूल से आए होंगे और मुगल सेना में सेवा की होगी। इसके बाद भारत में लोग हिंदू धर्म से इस्लाम में परिवर्तित हो गए।'

उन्होंने आगे कहा, 'एक प्रमुख उदाहरण कश्मीर में देखा गया है, जहां 600 साल पहले लोगों के इस्लाम में परिवर्तित होने से पहले आबादी मुख्य रूप से कश्मीरी पंडितों की थी। यह मुझे इस बात की पुष्टि करने के लिए प्रेरित करता है कि सभी शुरू में हिंदू विरासत के साथ पैदा हुए हैं। चाहे हिंदू, मुस्लिम, राजपूत, ब्राह्मण, दलित, कश्मीरी या गुज्जर हों हम सभी इस मातृभूमि का हिस्सा हैं। हमारी जड़ें इस भूमि में हैं।' गुलाम नबी आजाद ने पिछले साल अगस्त में देश की सबसे पुरानी पार्टी छोड़ दी और अपनी नई पार्टी बना ली थी। आजाद के जाने को कांग्रेस के लिए एक बड़ा झटका माना जा रहा था। उन्होंने गुजरात और हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनावों से पहले इस्तीफा दिया था।

खेल

## जय शाह और द्रविड़ के बीच दो घंटे हुई बैठक, विश्व कप समेत बड़े टूर्नामेंट्स की तैयारी को लेकर मंथन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** भारतीय टीम 2013 के बाद से एक भी आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है। इस दौरान उसे दो वनडे विश्व कप, चार टी20 विश्व कप और दो आईसीसी टेस्ट विश्व चैंपियनशिप में टीम इंडिया को निराशा हाथ लगी है। अब भारत अक्तूबर-नवंबर में विश्व कप की मेजबानी करने वाला है। इस बार टीम से ट्रॉफी उठाने की उम्मीद है। इसके लिए भारतीय खिलाड़ी जमकर पसीना बहा रहे हैं। वहीं, मैदान के बाहर भी योजनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में बीसीसीआई के सचिव जय शाह और कोच राहुल द्रविड़ के बीच लंबी बातचीत हुई है।

जय शाह और द्रविड़ के बीच करीब दो घंटे तक एक बैठक हुई है। दोनों अमेरिका के फ्लोरिडा में वेस्टइंडीज के खिलाफ आखिरी दो टी20 से पहले मिले थे। ऐसा कहा जा रहा है कि दोनों के बीच यह बातचीत एक नियमित प्रक्रिया है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट्स में इस बात का दावा किया गया है





कि एशिया कप और विश्व कप को लेकर लंबी बातचीत हुई। बैठक उस होटल में हुई जिसमें जय शाह ठहरे हुए थे। वहीं, टीम इंडिया दूसरे होटल में थी। ऐसे में राहुल द्रविड़ को उनके पास जाना पड़ा। जय शाह निजी दौरे के लिए अमेरिका में थे और उन्हें 13 अगस्त को पांचवें और अंतिम टी20 मैच के दौरान टेलीविजन पर देखा गया था।

यह एक नियमित बैठक दिख सकती, लेकिन इसके महत्व को कम करके नहीं देखा जा सकता। यह स्पष्ट है कि इस बैठक के दौरान एशिया कप और विश्व कप के लिए कुछ खास योजना बनाई गई होगी। इस बैठक के बाद यह बात सामने आई है कि कोचिंग स्टाफ में बढ़ोतरी की जा सकती है। 2021 टी20 विश्व कप से ठीक पहले बीसीसीआई ने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को मेंटर के तौर पर टीम के साथ जोड़ा था।

एशिया कप का आयोजन 30 अगस्त से होने वाला है। इस टूर्नामेंट की तैयारी के लिए शिविर में शामिल होने वाले खिलाड़ियों के बारे में अब तक कोई जानकारी सामने नहीं हुई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 23 अगस्त को सभी खिलाड़ी बेंगलुरु में एकत्रित होंगे और 24 अगस्त को अलूर में शिविर की शुरुआत होगी। गौरतलब है कि यह बैठक भारतीय टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बीच हो रही है। हालिया नतीजों के कारण टीम की काफी आलोचना हुई है। बीसीसीआई विश्व कप की मेजबानी कर रहा है। ऐसे में बोर्ड टीम को ट्रॉफी उठाते हुए देखना चाहता है।

एशिया कप के लिए टीम कब फाइनल होगी, इसकी जानकारी अभी चयन समिति को नहीं मिली है। यह अनुमान है कि चयन प्रक्रिया आने वाले दिनों में होगी। कुछ सूत्रों का कहना है कि चयन आयरलैंड में पहले टी20 के बाद हो सकता है। टीम प्रबंधन जसप्रीत बुमराह को एक बार मैदान पर खेलते देखना चाहता है। बुमराह सितंबर 2022 के बाद से चोट के कारण पेशेवर क्रिकेट से दूर रहे हैं। पहले टी20 में उनकी फिटनेस को देखने के बाद टीम प्रबंधन कोई फैसला लेगा।


सिनेमा

## अक्षय कुमार को मिली भारतीय नागरिकता, पंकज त्रिपाठी ने जाहिर की खुशी, बोले- महादेव की कृपा है



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार के लिए यह साल काफी लकी रहा है. देखा जाए तो एक्टर की कई फिल्में रिलीज हुईं. फ्लॉप नहीं हुईं, तो बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक कमाई कर जरूर कर गईं. 77वां स्वतंत्रता दिवस भी एक्टर ने खूब धूमधाम से मनाया. वो इसलिए क्योंकि उनके लिए एक नहीं बल्कि, दो-दो खुशियां उन्हें एक साथ मिलीं. पहली तो ये कि उनकी फिल्म OMG 2 ने पांच दिनों में 73.67 करोड़ की टोटल कमाई कर ली है. दूसरा खुशी का मौका एक्टर के लिए यह रहा कि अक्षय को भारतीय नागरिकता मिल गई है.

इस बात को लेकर को-स्टार पंकज त्रिपाठी भी बहुत खुश हैं. उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा- महादेव की कृपा है. फिल्म रिलीज होकर हिट हो गई और तुम्हारा पेपर वर्क भी कम्प्लीट हुआ. यह बहुत अच्छी बात है. बढ़िया संकेत हैं बहुत अच्छा है. इसी के साथ OMG 2 के डायरेक्टर भी अक्षय के लिए बहुत खुश हैं. उन्होंने कहा- कब क्या हो जाए, कुछ नहीं पता. अक्षय जी को भारतीय नागरिकता मिली, वह भी स्वतंत्रता दिवस पर, कोई संयोग नहीं है, लेकिन किसी न किसी तरह ऊपर से आशीर्वाद ही है कि आपको नागरिकता मिल गई है.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।